



# डबरा एवं भितरवार में भारी ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 3 फरवरी.** डबरा एवं भितरवार विधानसभा क्षेत्र के चीनोर, करहिया एवं अनेक गांवों में आज भारी ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद हो गई हैं। भितरवार की तहसील चीनोर के आसपास के गांव कछौआ ,भोरी , ररुआ, चीनोर, आंतरी,करहिया, सिकरौदा सहित एक दर्जन से अधिक गांव में ओलावृष्टि हुई है।ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी। ग्वालियर जिले के ग्रामीण अंचलों में सुबह तेज़ बिजली गर्जना के साथ हुई मूसलाधार बारिश और भीषण ओलावृष्टि ने तबाही मचा दी। कई गांवों में खेत सफेद बर्फ की चादर जैसे ढक गए,ओलों की मार से गेहूं, चना, सरसों सहित खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं। किसानों का कहना है कि 100 प्रतिशत तक फसल नुकसान हुआ है और महीनों की मेहनत पल भर में बर्बाद हो गई। किसान खेतों की तबाही दिखाकर मदद की गुहार लगा रहे हैं।

### बर्फ की चादर से कश्मीर जैसा नजारा

ग्वालियर। भितरवार-चीनोर क्षेत्र के गांव कछौआ, बड़की सराय, जुझारपुर, भोरी, ररुआ, चीनोर, आंतरी, करहिया और सिकरौदा समेत 12 से अधिक गांवों में जहां पर भीषण ओलावृष्टि हुई, बर्फ की चादर बिछने से कश्मीर जैसा नजारा बन गया। ओलावृष्टि की तीव्रता इतनी अधिक थी कि खेतों में फसलों के ऊपर चार-चार इंच तक बर्फ जम गई। मंजर ऐसा था कि दूर-दूर तक फैली हरियाली गायब हो गई और पूरा इलाका बर्फ की चादर से ढका कश्मीर जैसा नजर आने लगा। किसानों के मुताबिक गेहूं, सरसों व चना आदि फसलों में 70 से 90 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है।

## खेत-खेत जाकर कलेक्टर ने किया ओलावृष्टि से हुए नुक़सान का मुआयना, पटवारी निलंबित

भतरवार क्षेत्र में सोमवार की रात को ओलावृष्टि की सूचना मिलने पर कलेक्टर रुचिका चौहान ने बड़की सराय एवं सिकरौदा गांव में पहुंचकर ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया एवं प्रभावित किसानों से चर्चा की। कलेक्टर रुचिका चौहान ने एसडीएम भितरवार एवं रिवेन्यू के समस्त स्टाफ को निर्देशित किया है कि ओला प्रभावित खेतों के सर्वेक्षण का कार्य तत्काल प्रारंभ करें ।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी प्रभावित किसान सर्वेक्षण में वंचित नहीं रहना चाहिए ।साथ ही किसी भी गलत व्यक्ति का नाम सर्वेक्षण में नहीं जुड़ना चाहिए । ओलावृष्टि की सूचना पर क्षेत्र में नहीं पहुंचने पर बड़कीसराय के पटवारी संजय शर्मा को कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रुचिका चौहान ने प्रभावित किसानों से चर्चा कर उन्हें आश्वस्त किया कि सभी पीड़ित किसानों को शासन के प्रावधान के अनुरूप मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान

### शत-प्रतिशत मुआवजा मिलेगा

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भितरवार राजीव समाधिया को निर्देशित किया है कि ओला प्रभावित सभी ग्रामों में प्रारंभिक सर्वेक्षण का कार्य तत्परता से प्रारंभ किया जाए। सर्वेक्षण के दौरान प्रभावित हुए सभी किसानों की सूची नाम एवं रकबे के साथ तैयार की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि ओला प्रभावित कोई भी किसान प्रारंभिक सर्वेक्षण में छूटना नहीं चाहिए। ओलावृष्टि के 4 - 5 दिन बाद कृषि विभाग के दल के माध्यम से भी जिले में सर्वेक्षण का कार्य कराया जायेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रभावित किसानों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर ओला प्रभावितों का सर्वेक्षण कार्य तत्परता से किया जायेगा। जिन किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया है उन किसानों को भी बीमा कंपनी को 14447 पर सूचना देने के उपरांत कंपनी के माध्यम से बीमे की राशि भी उपलब्ध कराई जायेगी। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजीव समाधिया, तहसीलदार पूजा मावई, तहसीलदार रुचि अग्रवाल सहित राजस्व विभाग का अमला उपस्थित था।

### कोहरे के कारण ट्रेनें 2 से 3 घंटे लेट चल रहीं

ग्वालियर। धुंध और कोहरे का असर आवागमन पर भी देखा जा रहा है। कोहरे के कारण रेल और सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। बसें और ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। अधिकांश ट्रेनें 2 से 3 घंटे की देरी से आ रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों को भी कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दो से तीन दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रहेगा। कुछ स्थानों पर बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश भी हो सकती है, जिसे 'मावठा' कहा जा रहा है।

### प्रभारी मंत्री ने सूचना मिलते ही आयुक्त एवं कलेक्टर से की चर्चा

प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ओला प्रभावित किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है। प्रभारी मंत्री ने ओलावृष्टि की सूचना मिलते ही संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, कलेक्टर रुचिका चौहान एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत से टेलीफ़ोन पर चर्चा कर ओला प्रभावितों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने की बात कही। सिलावट ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा के कारण ओला प्रभावित सभी किसानों का प्रारंभिक सर्वेक्षण का कार्य तत्परता से कराया जाए। सभी प्रभावितों को शासन के प्रावधानों के अनुरूप सहायता राशि उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने अपनी फसल का बीमा कराया है उन्हें बीमा कंपनी के माध्यम से भी सहायता राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए। सिलावट ने कलेक्टर से कहा कि वे ओला प्रभावित सभी ग्रामों में राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के दल को भेजकर प्रभावित किसानों की सूची तैयार कराने का कार्य भी करें।

## जनकताल में फिसला नशेड़ी, डूबने से मौत

**ग्वालियर 3 फरवरी.** शराब के नशे में धुत्त एक नशेड़ी फिसलकर जनकताल में जा गिरा, जिसकी पानी में डूब जाने से मौत हो गई। वहीं उसे डूबता देख हमप्याले दो युवकों भी उसे बचाने के फेर में पानी में कूद गए, लेकिन वह उसे बचाने के बजाय खुद ही डूबने से बाल-बाल बचे। घटना की सूचना पाकर पहुंची बहोड़ापुर थाना पुलिस ने शव को पीएम के लिए पहुंचाने के उपरांत मर्ग कायम कर हादसे का कारण पता लगाने के लिए विवेचना शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक बहोड़ापुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरा निवासी इमरान खान जनकताल के किनारे बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान नशे का सुरूर चढ़ने पर अचानक पैर फिसल जाने से वह ताल में जा गिरा। बताया गया है कि उसे पानी में डूबते देख पास में ही शराब पी रहे दो युवकों ने भी बचाने के फेर में पानी में छलांग लगा दी। चूंकि वह भी नशे में थे, जिससे वह उसे बचाने के बजाय खुद ही पानी में डूबने लगे। हालांकि वह तो जैसे-तैसे बचकर बाहर निकल आए, जबकि इमरान की डूब जाने से मौत हो गई। शोरगुल सुनकर जुटे आसपास के लोगों से सूचना पाकर बहोड़ापुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, जिसने डूबे हुए युवक का शव पानी से बाहर निकलवाकर पीएम के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। उधर मामले में एक कहानी यह भी आ रही है, कि तीनों युवक साथ में ही शराब पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया। इससे गुस्सा होकर इमरान खुद ही ताल में कूद गया था। जिसे बचाने के फेर में उसके दोनों दोस्तों ने भी छलांग लगा दी, लेकिन वह उसे बचा नहीं सके। हालांकि पुलिस ने झगड़े की बात से इंकार किया है।

### बिलौआ गोली कांड में गाड़ियां होंगी जप्त

ग्वालियर। बिलौआ स्थित गिट्टी खदान पर दो दिन पहले हुई गोलीबारी की ने गंभीरता से लेते हुए फरार आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। गोलीबारी की घटना में पुलिस ने चार आरोपियों को पहले ही पकड़ लिया था, एसएसपी ने साफ कह दिया है कि हथियार जब्त करने के साथ उनका लाइसेंस निरस्त किया जाएगा.

### टमटम ने मारी टक्कर महिला घायल, जेएएच में भर्ती

ग्वालियर। सड़क पर पैदल-पैदल अपने घर जा रही महिला हादसे का शिकार हो गई। टमटम चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को इलाज के लिए जेएएच में भर्ती कराया गया है।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), ग्वालियर-सिटी, जिला-ग्वालियर, म.प्र.

**क्रमांक-0085/अपील/2025-26**

1. जुगेन्द्र सिंह पुत्र तेजा सिंह, 2. मस्सा सिंह पुत्र तेजा सिंह निवासीगण ग्राम जिगसोली तहसील ग्वालियर ग्रामीण जिला ग्वालियर म.प्र., 3. निर्मल सिंह पुत्र गुरुवचन सिंह, 4. रविन्द्र सिंह पुत्र गुरुवचन सिंह, 5. गुरदीप सिंह पुत्र गुरुवचन सिंह सभी निवासीगण ग्राम जिगसोली तहसील ग्वालियर ग्रामीण, ग्वालियर म.प्र.

**-अपीलार्थीगण/अपीलांट्स**

**बनाम**

1. भुजवल सिंह यादव पुत्र भगवान सिंह यादव निवासी बड़ागांव तहसील मुरार, जिला ग्वालियर म.प्र 2. लीलावती बोहरे पत्नी यशंवत कुमार दोहरे निवासी सुरेश नगर थाटीपुर, मुरार, ग्वालियर म.प्र., 3. आरती अध्वर्य पत्नी श्री एस. एस. अध्वर्य निवासी चौहान प्याऊ के पास, थाटीपुर, ग्वालियर म.प्र., 4. हेमन्त कुमार गुप्ता पुत्र श्री हरवंश लाल गुप्ता निवासी लक्ष्मीगंज मार्ग, लश्कर, ग्वालियर म.प्र., 5. उदय भान सिंह पुत्र खुशीलाल, 6. उदय सिंह पुत्र खुशीलाल निवासीगण ग्राम रिठौना मुरैना म.प्र., 7. पंकज सिंह किरार पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम ग्रामीण, ग्वालियर म.प्र., 8. पुष्पेन्द्र सिंह चौहान पुत्र हरदेव सिंह चौहान निवासी ग्वालियर म.प्र., 9. रविन्द्र सिंह चौहान पुत्र हरदेव सिंह चौहान निवासी ग्वालियर म.प्र., 10. सोमवीर पुत्र रामवीर राजपूत निवासी मोतीझील, ग्वालियर म.प्र., 11 श्रीमती किरण यादव पत्नी आदेश निवासी 750, शील नगर बहोड़ापुर, ग्वालियर, 12. अभिषेक सिंह यादव पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह यादव निवासी ग्राम रायरू, ग्वालियर, 13. सुखप्रीत सिंह, 14. हरप्रीत सिंह पुत्रगण सुखविन्द सिंह निवासी जिगसोली, तहसील ग्वालियर ग्रामीण जिला ग्वालियर म.प्र., 15. रामवीर सिंह गुर्जर पुत्र रामनाथ सिंह निवासी आर्दश नगर, पिण्टोपार्क, ग्वालियर. 16. पुष्पेन्द्र सिंह चौहान पुत्र हरदेव सिंह निवासी आदित्यपुरम, ग्वालियर म.प्र., 17. रचना जैन पत्नी अजीत कुमार जैन निवासी दौलतगंज, लश्कर, ग्वालियर. 18. कपीश शर्मा हरीश शर्मा पुत्रगण धनीराम शर्मा निवासी ग्वालियर म.प्र., 19. आनन्द कुमार ठाकुर पुत्र शिरोमणी सिंह निवासी दतिया म.प्र., 20. साइमन फेरनादेश पुत्र जोसेफ फेरनादेश निवासी ग्वालियर म.प्र 21. रोहित सिंह यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी ग्वालियर म.प्र., 22. हेमन्त सिंह पुत्र कृष्णा सिंह निवासा धौलपुर, (राजस्थान), 23. सोनम यादव पत्नी बल्देव यादव निवासी दतिया म.प्र., 24. डोली जादौन पत्नी संजय सिंह निवासी ग्वालियर म.प्र., 25. सोनी तोमर पत्नी राजकुमार सिंह तोमर निवासी मुरैना म.प्र. 26. सावित्री देवी पत्नी उमेश सिंह निवासी ग्वालियर म.प्र. 27. कामिनी देवी पत्नी देवेन्द्र सिंह निवासी जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 28. वर्षा सिकरवार पत्नी शैलेन्द्र सिकरवार निवासी जिगसोली, ग्वालियर म.प्र.. 29. रक्षपाल सिंह, प्रभजोत सिंह पुत्रगण स्व. कुलवन्त सिंह, 30. सम्पूर्ण कौर पत्नी स्व. कुलवन्त सिंह निवासीगण टीन का पुरा, जिगसोली, ग्वालियर म.प्र.. 31. रंजीत सिंह, बलजिन्दर सिंह जसवन्त सिंह पुत्रगण श्याम सिंह, 32. हरदेव कौर पत्नी श्याम सिंह निवासीगण ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 33. सुखप्रीत सिंह हरप्रीत सिंह पुत्रगण सुखविन्दर सिंह, 34. कुलविन्दर कौर पत्नी सुखविन्दर सिंह निवासीगण ग्राम जिगसोला ग्वालियर, 35. अनूप यादव पुत्र रामजीदास निवासी ग्राम रायरू ग्वालियर म.प्र., 36. मोनाली यादव पत्नी धीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रायरू, ग्वालियर म.प्र., 37. गजेन्द्र सिंह यादव पुत्र रामचरण सिंह निवासी शासकीय विद्यालय के पास, ग्राम मेहरा जिला ग्वालियर म.प्र.. 38. अजीत सिंह पुत्र गब्बर सिंह निवासी ग्राम रायरू ग्वालियर म.प्र.. 39. राजकिशोर यादव पुत्र रमेश सिंह यादव निवासी खडेश्वरी मंदिर के पास, गौसपुरा नम्बर-1, ग्वालियर म.प्र., 40. जगतार सिंह कलविन्दर सिंह पुत्रगण अजीत सिंह, 41. अमरजीत कौर पत्नी अजीत सिंह निवासीगण ग्राम जिगसोली, ग्वालियर, 42. सुमेर सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 43. नरेश सिंह किरार पुत्र लाल सिंह किरार निवासी ग्राम जिगसोल ग्वालियर म.प्र., 44. रामबहादुर, रामवीर, नेपाल सिंह पुत्रगण धीर सिंह, 45. राजावेटी बेवा धीर सिंह निवासीगण ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 46. हरचरण सिंह पुत्र लाभ सिंह, समीर सिंह पुत्र लाभ सिंह निवासीग्रण टीन का पुर, जिगसोली, ग्वालियर म.प्र. 47. परमजीत कौर पुत्री हरभजन सिंह निवासी जिगसोला ग्वालियर म.प्र., 48. चन्दन सिंह पुत्र दुर्गा प्रसाद किरार निवासी जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 49. सोबरन सिंह पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र.. 50. सुघर सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह किरार निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 51. सिघारा सिंह पुत्र जमान सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र.. 52. अजायन सिंह पुत्र जुमान सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 53. सर्वजीत कौर वेवा मुख्त्यार सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र. 54. हरविन्दर सिंह, अमृतपाल सिंह पुत्रगण मुख्त्यार सिंह ग्वालियर म.प्र., 55. जगनदीप कौर पुत्र मुख्त्यार सिंह सभी निवासीगण ग्राम जिगसोली, ग्वालियर, 56. सौदान सिंह पुत्र जुमान सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 57. गुरूमेन सिंह पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 58. गुरुमेज सिंह पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 59. जगीर सिंह पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म प्र., 60. हरदेव सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 61. छवेग सिंह पुत्र गुरूनाम सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र.. 62. सुखदेव सिंह पुत्र गुरूनाम सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 63. गुरूदेव सिंह पुत्र दीदार सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर 64. तरसेम सिंह पुत्र दीवार सिंह निवासी ग्राम जिगसोला ग्वालियर म.प्र., 65. मोहन सिंह पुत्र दीदार सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 66. प्रताप सिंह पुत्र काशीराम किरार निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र. 67. अशोक कुमार पुत्र काशीराम निवासी ग्राम जिगसोल ग्वालियर म.प्र., 68. उमेश अहमद उर्फ घुन्तु पुत्र करीम वक्श निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 69 सहादत खां पुत्र हीरा खां निवासी ग्राम जिगसोली ग्वालियर म.प्र., 70. धीरेन्द्र सिंह पुत्र बालाराम किरार निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 71. सुरेश सिंह पुत्र बालाराम किरार निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 72. गिरजा वेवा सरनाम सिंह किरार, 73. अंकित पुत्र सरनाम सिंह, 74. निकी पुत्री सरनाम सिंह सभी निवासीगण ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र.. 75. राखी पुत्री सरनाम सिंह निवासी ग्राम जिगसोली ग्वालियर म.प्र., 76. जरनेल सिंह पुत्र गुरूवक्श सिंह निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 77. शकुन्तला पुत्री वालाराम किरार निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालिय म.प्र., 78. कमलेश पुत्री बालाराम किरार निवासी ग्राम जिगसोली, ग्वालियर म.प्र., 79. सादत खां, रहीस खां पुत्रगण शेरखां निवासीगण ग्राम सिगौरा, ग्वालियर म.प्र. 80. शुभलक्ष्मी इफ्राट्रेक द्वारा पार्टनर बृजमोहन शर्मा पुत्र गंगाप्रसाद शर्मा निवासी जिगसोली, ग्वालियर म.प्र.

**- प्रतिप्रार्थीगण/रेस्पोडेंट्स**

**// सूचना पत्र //**

एतद् द्वारा जरिये सूचना पत्र समस्त आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त-कुलैथ के प्रकरण क्रमांक 0119/2024-25/अ-27 ग्राम जिगसौली तहसील ग्वालियर ग्रामीण में पारित आदेश दिनांक 22.01.2025 के विरूद्ध म.प्र.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के अन्तर्गत अपील इस न्यायालय में प्रस्तुत की गई है, जो इस न्यायालय में प्रकरण क्रमांक-0085/अपील/2025-26 पर पंजीबद्ध होकर प्रचलित है, जिसमें सुनवाई हेतु आगामी दिनांक 17-2-26 नियत की गई है। अतः समस्त आम एवं खास तथा रेस्पोडेंट्स अथवा अन्य जो भी इस प्रकरण में अपने आपको हितधारी समझता हो स्वयं अथवा अपने वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा इस न्यायालय (नवीन संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, ग्वालियर सिटी स्थित सागरताल रोड़, शासकीय मल्टी के पास, बहोड़ापुर कक्ष क्रमांक-11) में उपस्थित होकर पक्ष समर्थन करें। नियत तिथि को उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय आदेश कर प्रकरण में सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जायेगा। तत्पश्चात् किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी । यह सूचना पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 23-1-26 को जारी किया गया.

**अनुविभागीय अधिकारी**
**ग्वालियर सिटी**





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ˜Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलर: ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलर: अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, अमानगंज: असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787.

RS/Hero/06/25


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95